Sometimes a connection sanctioned in the strict serial order has to be skipped over due to technical difficulties in the particular area. Such a connection is, however, provided as soon as the difficulty is removed.

**गण्डक योजना**

* ११६७. श्री विभूति मिश्र : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सिंचाई और विद्युत मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के सम्बन्ध में बोलते हुये उन्होंने गण्डक नदी के बारे में जो विचार प्रकट किये थे उन्हें ध्यान में रखते हुये क्या गण्डक योजना पर १९५७ अथवा १९५८ में कार्य आरम्भ होने की सम्भावना है ?

सिंचाई और विद्युत उपमंत्री (श्री हाथी) : गण्डक परियोजना की रिपोर्ट्र तैयार हो गई है और उसकी तकनीकी जांच हो रही है । योजना के अनुसार पश्चिमी नहर प्रणाली नैपाल क्षेत्र में हो कर जाती है इसलिये नैपाल सरकार की स्वीकृति आवश्यक है । इस प्रश्न पर नैपाल सरकार से पत्र व्यवहार हो रहा है । परियोजना के बारे में यथाशीघ्र निर्णय किया जायेगा ।

श्री विभूति मिश्र : मैं जानना चाहता हूं कि सरकार ने जो तत्परता कोसी योजना में दिखलाई, वैसी तत्परता गंडक योजना में क्यों नही दिखला रही है ?

श्री हाथी : सरकार तत्परता दिखला रही है, अभी योजना तैयार हो रही है ।

श्री विभूति मिश्र : मैं जानना चाहता हूं कि जैसे हमारे मंत्री महोदय काठमांडू दौड़ कर गये और कोसी योजना को मंजूर करा कर ले आये, उसी तरह गंडक योजना के बारे मे क्यों नही कर रहे हैं ?

श्री हाथी : गंडक योजना के बारे में टेकनिकल रिपोर्ट आ गई है और जांच पड़ताल हो रही है और नैपाल सरकार के साथ पत्र व्यवहार भी हो रहा है ।

**Deputy Chairman of the Calcutta Port**

*1199. **Shri S. C. Samanta:** Will the Minister of Transport and Communications be pleased to state:

(a) the reasons why the post of a Deputy Chairman of the Port of Calcutta has been kept vacant since 1950;

(b) whether it is a fact that since 1950 the duties of the Chairman have increased manifold;

(c) whether the Chairman has also become the Chairman of the Dock Labour Board; and

(d) whether Government are thinking of appointing Deputy Chairman again?

**The Minister of State in the Ministry of Transport and Communications (Shri Raj Bahadur):** (a) When the post of Deputy Chairman fell vacant in 1950, the then Chairman of the Calcutta Port Commissioners recommended that it need not be filled as, in his opinion, the work involved did not justify the appointment of a full-time officer.

(b) and (c). Since 1953, when the Chairman also became the Chairman of the Dock Labour Board, there has been an increase in his duties.

(d) A full-time Deputy Chairman of the Dock Labour Board has been appointed to assist the Chairman in the work relating to the Dock Labour Board. The question of appointing an officer to assist him in Port Administration work has been taken up.

**Shri B. S. Murthy:** The next question may be taken up.

**Mr. Speaker:** The Question hour is over.